प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज एनटीए की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी ।
2- झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. वीआर सारंगी ने मांडर में ग्राम न्यायालय का किया उद्घाटन, कहा– ग्रामीणों को प्रखंड में ही सुलभ होगा न्याय।
3- रांची के तमाड़ में बिजली लाइन की चपेट में आयी बारातियों से भरी बस, करंट दौड़ने से छत पर बैठे 3 लोगों की मौत, 5 गंभीर रुप से झुलसे।
4- मौसम विभाग ने आज राज्य भर में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट किया जारी ।

******************

नीट पेपर लीक मामले में आज एनटीए की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। याचिका में अलग–अलग राज्यों में चल रहे नीट धांधली मामलों को सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसफर करने की मांग की है।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बनने पर केपी शर्मा ओली को बधाई दी है। एक संदेश में श्री मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय सहयोग और आपसी हित को और बढावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

******************

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। पीएमओ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स इस मुलाकात की तस्वीर शेयर की है।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ० विद्युत रंजन सारंगी ने रांची के मांडर प्रखंड में कल ग्राम न्यायालय का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय के खुल जाने से ग्रामीणों को प्रखंड में ही न्याय मिलेगा। यह न्यायालय जटिल कानून व्यवस्था को सुलभ बनाने में काफी मददगार साबित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुलभ बनाना है । मांडर का ग्राम न्यायालय कई मायनों में अहम होगा। ग्रामीणों को न्याय के लिए शहर का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। इस दौरान हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार , न्याय आयुक्त, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ० विद्युत रंजन षारंगी के प्रति आभार व्यक्त किया

******************

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के वाइस चेयरमैन ज्योति सिंह मठारू ने कहा है कि राज्य सरकार की बहुत सी सरकारी योजनाएं हैं, जिसका लाभ लेकर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग बेहतर व्यापारी बन सकते हैं। जमशेदपुर दौरे के क्रम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों का दौरा कर सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

ज्योति सिंह मठारू ने कहा कि सिखों कि छह जातियों लोहार, छिम्बा, नाई, कमयार, कहार, स्वर्णकार को जाति प्रमाण पत्र मिलेगा। इससे जुड़ी फ़ाइल को मुख्यमंत्री से बातचीत कर कार्मिक विभाग तक पहुंचा दिया गया है। उम्मीद है कि अन्य राज्यों की झारखंड में भी इन जातियों को प्रमाण पत्र मिलना शुरु हो जायेगा।

******************

सरायकेला से तमाड़ जा रही एक बाराती बस के बिजली लाइन की चपेट में आने से बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गइ जबकि पांच अन्य बुरी तरह झुलस गए।

यह बस सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू जा रही थी। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को रिम्स रेफर किया गया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

आगामी 17 जुलाई को मुहर्रम का त्योहार है जिसे लेकर साहिबगंज में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्र के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने उधवा प्रखण्ड अंतर्गत लगने वाले अखाड़े, जुलूस मार्ग, मेला स्थल के मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस सक्रिय है। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी प्रकार की घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

******************

जिला मुख्यालय सरायकेला में 9 दिनों तक चलने वाले प्राचीन रथ महोत्सव का आज समापन होगा। शाम को रथ पर सवार प्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों को वापस श्री मंदिर की ओर लाया जाएगा। दो दिनों की यात्रा कर मंगलवार की शाम रथ श्री मंदिर पहुंचेगा। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु रथ को खींचेंगे ।

******************

बोकारो जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज – 2 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को जागरूक किया गया।

******************

पाकुड़ जिले में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनबाल की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें अवैध माइनिंग की रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

******************

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया देवघर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में 500 करोड़ रुपये खर्च करेगा। दूसरी वर्षगांठ पर देवघर एयरपोर्ट को एक साथ कई सौगात मिली हैं।

******************

राज्य के कई हिस्सो में आज बारिश की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर पूरे राज्यभर में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग केन्द्र रांची ने बारिश और वज्रपात को लेकर राज्यभर में येलो अलर्ट जारी किया है।

******समाप्त*************